पंजाब केसरी 27/09/2024

# स्वलिखित कविता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

अम्बाला, 26 सितम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी के एन.सी.सी. गर्ल्स विंग के द्वारा स्वलिखित कविता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल ने स्वयं कैडेट्स की इन दोनों गतिविधियों का मूल्यांकन किया तथा कहा कि युवा पीढ़ी स्वच्छता के लिए जागरूक है। कैडेट्स ने कविता पाठन तथा निबंध का बहुत बेहतरीन प्रदर्शन किया।

सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम एक हर हरियाणा गर्ल्स बटालियन के निर्देशानुसार करवाया जा रहा है तथा कैडेट्स का जोश देखते ही बनता है। इनमें स्वच्छता को लेकर एक सकारात्मक ऊर्जा है। इस गतिविधि को प्रत्येक संस्थान को करना चाहिए। इस प्रतियोगिता में 43 कैडेट्स ने भाग लिया एवं इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने का उनका उत्साह देखते ही बनता है।

प्रतियोगिता के दौरान मौजूद कैडेट्स। (देवदत्त)